**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 04.01.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को साल 2036 के ओलम्पिक खेलों की मेज़बानी का प्रबल दावेदार बताया।**
- **भारतीय सेना ने हाईरिस्क ऑपरेशन्स के लिए नसीराबाद छावनी में विशेष फोर्स भैरव तैयार की।**
- **जयपुर में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट–2026 शुरू– मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नामी आईटी व्यावसाइयों से मुलाकात की।**
- **प्रदेश में अगले सप्ताह भी अधिकतर स्थानों पर घने कोहरे, शीतलहर और तेज सर्दी का दौर जारी रहने के आसार।**

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत 2036 में ओलिंपिक खेलों की मेज़बानी का प्रबल दावेदार है। आज उत्तरप्रदेश के वाराणसी में, 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि साल 2014 से देश में खेलों का प्रदर्शन काफी बेहतर हुआ है। उनकी सरकार ने खेल के क्षेत्र में कई सुधार किए हैं जिनमें **राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम** और **खेलो भारत नीति** शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का खेल मॉडल खिलाड़ियों के अनुकूल है और इसलिए पिछले वर्षों में खेलों में हम सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं की पहचान, उनके उचित प्रशिक्षण, पोषक आहार और पारदर्शी चयन–प्रक्रिया पर ध्यान दे रही है।

............................

राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 11 जनवरी तक चलेगा। इसमें देशभर के एक हज़ार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी है कि वर्ष 2025 में भारत का चावल उत्पादन डेढ सौ मिलियन टन से अधिक रहा है। श्री चौहान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से विकसित बेहतर गुणवत्ता वाली 25 फसलों की 184 नई किस्मों के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने चावल उत्पादन के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। पिछले दस वर्ष में, बीजों की तीन हजार दो सौ से अधिक किस्में विकसित की गई हैं। वहीं नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि विशाल बजट के बावजूद, मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बना। वहीं इस योजना में गांवों के दीर्घकालिक विकास और स्थायी संपत्ति सृजन को कोई बढावा नहीं दिया गया। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि वीबी–जी राम जी नये कानून से श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों के विकास में सार्थक योगदान भी दे सकेंगे।

000

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव ने आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के रिवाली गांव में शहीद नितीश कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया। लायन्स नितीश कुमार जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा में **''ऑपरेशन रक्षक''** के दौरान शहीद हो गये थे। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि सैनिक हमें अनुशासन और कर्तव्यपालन की सीख देते हैं। देश ऐसे वीर शहीदों का हमेशा ऋणी रहेगा और उन्हें बार–बार नमन करता रहेगा।

000

भारतीय सेना ने नसीराबाद छावनी में भैरव नाम से एक स्पेशल फोर्स तैयार की है। देश की सुरक्षा को मजबूती देने और आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामान करने के लिए ये विशेष फोर्स बनाई गई है। भैरव कमाण्डोज को हाई रिस्क ऑपरेशन्स के लिए प्रशिक्षित किया गया है। भैरव फोर्स पर और ब्यौरा दे रही हैं।

000

निर्वाचन आयोग ने ई.सी.आई–नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर 10 जनवरी तक सुझाव दिए जा सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए ये डिजिटल मंच तैयार किया है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान को सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अग्रणी बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने इसके लिए निवेशकों को हर संभव सहायता और सुविधा के लिए आश्वस्त किया है। श्री शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट–2026 में आमंत्रित देश के प्रतिष्ठित आईटी आंन्त्रप्रेनयोर से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान को आईटी हब बनाने के लिए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेन्टर पॉलिसी और डेटा पॉलिसी लाई गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निवेशकों के साथ लगातार सम्पर्क रखने और उनके सुझावों और जरूरतों पर तत्परता से काम करने के निर्देश दिये। डिजिफेस्ट के उद्घाटन सत्र में सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ये सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल क्षेत्र में हो रहे नये बदलावों से परिचित करवाने के साथ ही स्टार्टअप और युवाओं को मेन्टोरिंग का अवसर दे रहा है।

------------------------

गौरतलब है कि जयपुर के जेईसीसी में तीन दिन का राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट–2026 आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 हजार से ज्यादा प्रतिभागी, 500 से ज्यादा निवेशक और करीब 300 प्रदर्शक शामिल हो रहे हैं।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और हादसों में घायल व्यक्ति की सहायता करने की अपील की है। उन्होंने युवाओं से खतरनाक और लापरवाह ड्राईविंग से दूर रहने, हैलमेट और सीट बैल्ट लगाने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी महीने में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। **सीख से सुरक्षा–तकनीक से परिवर्तन** थीम पर हो रहे इस अभियान के जरिये सरकार संवेदनशीलता के साथ सड़क सुरक्षा को महत्व दे रही है। इसके लिए इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजिंग सिस्टम, ई–चालान, ऑटोमेशन सहित कई नवाचार किये गये हैं। इसके साथ ही राहवीर योजना के जरिये त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाकर हर घायल के जीवन को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

000

बूंदी जिले के लाखेरी क्षेत्र में आज एक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 8 व्यक्ति घायल हो गये। दुर्घटना कोटा–लालसोट मेगा हाईवे पर हुई जहां एक ट्रक के बेकाबू होकर पलट गया। इस दौरान चौथ का बरवाड़ा की ओर जा रहे पैदल यात्री ट्रक के नीचे दब गये। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि गंभीर घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी एमबीएस अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और उनके समुचित उपचार के निर्देश दिये।

000

प्रदेश में अगले सप्ताह भी अनेक स्थान पर घने कोहरे, शीतलहर और तेज सर्दी का असर बने रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार अगले दो–तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। उत्तरी जिलों में शीतलहर का प्रभाव बना रहेगा, जबकि कुछ शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से पांच डिग्री कम रहने से 'कोल्ड–डे' की स्थिति बनी रह सकती है। नये साल में हुई मावठ से तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच आज अलवर, झुन्झुनू, करौली, धौलपुर, भरतपुर, कोटा, बीकानेर और जयपुर सहित कई जगह घना कोहरा छाया रहा। वहीं सिरोही, सीकर, चूरू, झुन्झुनू और अलवर में शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान एक दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रहा। लूणकरणसर और माउंटआबू में रात का पारा 2 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। पाली, चूरू, झुन्झुनू और वनस्थली में न्यूनतम तापमान औसतन 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। भीलवाड़ा, जोधपुर और डूंगरपुर के अलावा लगभग सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया।

000

गुरू गोबिन्द सिंह के प्रकाशोत्सव के मौके पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम हुए। भरतपुर में शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं गुरूद्वारों में रागी जत्थों की ओर से शबद कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

0000